**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।
- सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि पाकिस्तान को भारत की हवाई रक्षा को भेदने का कोई मौका नहीं मिला उसके सभी हमले नाकाम किए गए।
- एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों से है पाकिस्तान द्वारा आंतकवादियों का पक्ष लेना दुर्भाग्यपूर्ण है।
- नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा है कि समुंद्री बल सभी तरह के खतरों से निपटने के लिए सक्षम है।
- आज हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस" पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर नर्सिंग अधिकारियों को सम्मान दिया गया।

****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का यह संबोधन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रहा है।इससे पहले दोपहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुख और कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

****************************************************************

सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि पाकिस्तान की वायुसेना की 9 और 10 मई की रात को भारतीय एयरफील्ड और लॉजिस्टिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश नाकाम कर दी गई। उन्हें मल्टीलेयर काउंटर ड्रोन और एयर डिफेंस ग्रिड द्वारा रोका गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत की हवाई रक्षा को भेदने का कोई मौका नहीं था।

डीजीएमओ ने ऑपरेशन में सहयोग के लिए सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण तालमेल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, विभागों और एजेंसियों तथा देश के 140 करोड़ लोगों का पूरा समर्थन है।

*********************************************************************

एयर ऑपरेशन महानिदेशक एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा है कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहयोगी ढांचे से है, न कि पाकिस्तानी सेना से। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप करके आतंकवादियों का पक्ष लिया, जिसके कारण भारतीय सशस्त्र बलों को उसको करारा जवाब देना पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दिल्ली में एक प्रेस वार्ता में एयर मार्शल भारती ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को किस तरह कम से कम नुकसान पहुंचाया  है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों के बारे बताया कि इसमें सेना, नौसेना और वायु सेना की रक्षा प्रणालियां शामिल हैं। डीजीएओ ने कहा कि इस मजबूत वायु रक्षा, एडी प्रणाली में कई तरह के बहुस्तरीय एडी सेंसर और हथियार प्रणाली शामिल हैं।एयर मार्शल भारती ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन और मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहनों को स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और वायु रक्षा कर्मियों द्वारा विफल कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भारत की युद्ध प्रणालियां समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं। उन्होंने आकाश प्रणाली जैसी स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों के शानदार प्रदर्शन के बारे में भी बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक दशक में भारत सरकार द्वारा अत्याधुनिक उपकरण और हथियार प्रणाली प्राप्त करने में बजटीय और

नीतिगत समर्थन के कारण शक्तिशाली ए.डी. वातावरण को रखना और संचालित करना संभव हो पाया है।पिछले सप्ताह दुश्मन के खतरे का मुकाबला करने में हासिल परिणामों पर एयर मार्शल भारती ने कहा कि चीनी मूल की पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल लक्ष्य से चूक गई और लोइटर म्यूनिशन और मानव रहित हवाई प्रणालियों को नष्ट कर दिया गया। भारत की आक्रामक कार्रवाइयों पर डीजीएओ ने नूर खान एयरबेस और **रहीम** यार खान एयरबेस पर हमलों पर उन्होंने कहा कि भारत ने दुश्मन के हर हिस्से को निशाना बनाया।

***************************************************************

नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा कि नौसेना एक समग्र नेटवर्क बल के रूप में काम करती है जो सभी क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले खतरों से एक साथ निपटने में सक्षम है। डीजीएनओ ने कहा कि समुद्री बल हवाई क्षेत्र सहित व्यापक समुद्री डोमेन जागरूकता के लिए निरंतर निगरानी और पहचान सुनिश्चित करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कई सेंसर और इनपुट का उपयोग करते हुए नौसेना खतरों को बेअसर करने के लिए निरंतर निगरानी बनाए हुए है।

***************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

***************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने कहा कि जो स्कूल संचालक दो या तीन वर्ष के अंतराल के दौरान छात्रों को वर्दी को बदलेंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

श्री ढांडा आज जींद में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के पश्चात पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।शिक्षा मंत्री ने बताया की आज की बैठक में कुल 18 शिकायते उनके समक्ष रखी गई थी जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

****************************************************************

आज हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस" के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।अंबाला में फिलाडेल्फिया हॉस्पिटल स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा हस्पताल के निदेशक डॉ . सुनील सादिक के नेतृत्व में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबाला की महापौर शैलजा सचदेवा ने कहा कि सभी को नर्सों का सम्मान करना चाहिए। उनके अधिकार हमेशा बरकरार रहने चाहिए।उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की हरियाणा कौशल रोजगार निगम योजना के तहत हरियाणा की नर्सें अब यूरोप में जाकर अपनी सेवाएं दे सकेंगी

कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्वास्थ्य सेवा से जुड़े नवाचारी विचारों को प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार अंबाला छावनी ओर शहर के अस्पतालों में भी विश्व नर्स दिवस पर लोगों ने अस्पताल में कार्यरत नर्स कर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

****************************************************************

पंचकूला के नागरिक अस्पताल में भी अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया । जिला अस्पताल की नर्सिंग अधिकारी सरोज कुमारी ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए आज का दिन मां भारती के वीर सपूतों को समर्पित किया ।

****************************************************************